भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 1670
11 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

दिल्ली-बहादुरगढ़ मेट्रो रेल लाइन का विस्तार

1670. सुश्री सुनीता दुग्गल:

क्या ***आवासन और शहरी कार्य मंत्री*** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली-बहादुरगढ़ मेट्रो रेल लाइन का रोहतक तक विस्तार करने का कोई विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हरियाणा के किसी अन्य शहर में मेट्रो शुरू करने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): जी, नहीं।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): शहरी परिवहन शहरी विकास का एक अभिन्न अंग है जोकि राज्य का विषय है। मेट्रो रेल समेत, शहरी परिवहन की आयोजना और विकास कार्य संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्र द्वारा किया जाता है। केन्द्र सरकार, संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्र के अनुरोध पर प्रस्ताव की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के मद्देनजर, मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता पर विचार करती है।

******